E-mail:- unpdghehry@gmail.com

From

Director Higher Education Haryana,
Shiksha Sadan, Sector-5, Panchkula.

To

1. All the Vice Chancellor of State/Private Universities in the State of Haryana .
2. All the Principals of Govt./Aided/Self Financing Colleges in the State of Haryana.

Memo No: DHE-010009/25/2021-Coordination-DHE
Dated, Panchkula, the 21.10.2022

**Subject:** दिनांक 24 अक्तूबर 2022 को संयुक्त राष्ट्र का ध्वज फहराए जाने के संबंध में।

Kindly refer to the subject cited above.

A copy of letter No. 9/10/88-5Pol, dated 21.10.2022 received from Superintendent Political O/o Chief Secretary, Govt. Haryana which is self explanatory, is forwarded for necessary compliance by all Universities & Colleges.

**DA-As above**

Deputy Director-Coordination
*for* Director Higher Education,
Haryana, Panchkula.

**Endst. No. Even** **Dated, Panchkula, the**

A copy of the above is forwarded to the Superintendent Political O/o Chief Secretary, Govt. Haryana w.r.t. their letter No. 9/10/88-5Pol, dated 21.10.2022 for information.

Deputy Director-Coordination
*for* Director Higher Education,
Haryana, Panchkula.

तत्काल

Pl. do the needful
21/10/22
DD - Coord

क्रमांक 9/10/88-5पोल
हरियाणा सरकार
मुख्य सचिव कार्यालय
(राजनैतिक शाखा)

दिनांक 21 अक्तूबर, 2022

21/X/22
S. Coord

सेवा में

1. आयुक्त, अम्बाला / हिसार / गुरूग्राम / रोहतक / फरीदाबाद / करनाल मण्डल ।

2. हरियाणा के सभी उपायुक्त ।

विषय - दिनांक 24 अक्तूबर, 2022 को संयुक्त राष्ट्र का ध्वज फहराए जाने के संबंध में ।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 अक्तूबर, 2022 को " संयुक्त राष्ट्र दिवस" आयोजित करने का निर्णय लिया गया है । इस सम्बन्ध में कृपया निम्नलिखित बातें ध्यान में रखी जावें -

क) जहां तक सम्भव हो, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम निर्धारित किया जाए ।

ख) जिला मुख्यालयों में स्थित सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ-2 संयुक्त राष्ट्र का ध्वज भी फहराया जावे । सामान्य राष्ट्रीय झंडे को इस प्रकार फहराया जाता है कि वह अपने सामने वाली दिशा के हिसाब से अपने एकदम दाईं ओर होता है अर्थात झंडा फहराने के समय झंडे की ओर मुख किए हुए व्यक्ति के एकदम बाईं ओर ।

ग) सामाजिक समारोह, सामूहिक बैठकें, विचार गोष्ठियां, पोस्टर प्रतियोगिताएं, निबन्ध प्रतियोगिताएं, भाषण तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के कर्तव्यों पर वार्तालाप इत्यादि का आयोजन किया जाए ।

घ) विशेष चित्र, पोस्टर / इश्तिहार और अन्य साहित्य सामग्री निदेशक, लोक सम्पर्क विभाग से सीधे प्राप्त कर ली जावे ।

2 इस अवसर पर यदि कोई खर्च करना पड़े तो उसे आप अपने कार्यालय के फुटकर अनुदान से करें ।

3 संयुक्त राष्ट्र दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण दिनांक 15.11.2022 तक महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा तथा मुख्य सचिव कार्यालय (राजनैतिक शाखा) को भेज दें ।

भवदीय,

अधीक्षक राजनैतिक,
कृते मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

DGIPR & Secy.
DIARY No. 7529
Date 21-10-2022

क्रमांक 9/10/88-5पोल

दिनांक चण्डीगढ़ 21 अक्तूबर, 2022

एक प्रति अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, स्कूल शिक्षा तथा प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, उच्चतर शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं उचित कार्यवाही हेतु भेजी जाती है ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृते मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार

पी-2

दिनांक चण्डीगढ 21 अक्तूबर, 2022

पृ0 क्रमांक 9/10/88-5पोल

एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एव उचित कार्यवाही हेतू भेजी जाती है:-

1. निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला ।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा पंचकूला ।
3. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, हरियाणा पंचकूला ।

यदि इश्तिहार/पोस्टर इत्यादि की आवश्यक्ता हो तो इस सम्बन्ध में महानिदेशक, लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा से सम्पर्क करें ।

अधीक्षक राजनीतिक
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

दिनांक चण्डीगढ 21 अक्तूबर, 2022

पृ0 क्रमांक 9/10/88-5पोल

एक प्रति राज्यपाल, हरियाणा के सचिव/सचिव, हरियाणा विधान सभा/रजिस्ट्रार, पंजाब एव हरियाणा उच्च न्यायालय को सूचनार्थ भेजी जाती है । उनसे अनुरोध है कि पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र दिवस दिनांक 24.10.2022 को राजभवन, हरियाणा विधान सभा एवं उच्च न्यायालय की इमारत पर यू0एन0ओ0 ध्वज न फहराया जाए ।

अधीक्षक राजनीतिक
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

दिनांक चण्डीगढ 21 अक्तूबर, 2022

पृ0 क्रमांक 9/10/88-5पोल

एक प्रति महानिदेशक, सूचना एव लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ को इस अनुरोध के साथ भेजी जाती है, कि वह समुचित संख्या में विशेष चल-चित्र, पोस्टर और आवश्यक साहित्य सामग्री संयुक्त राष्ट्र वार्ता केन्द, नई दिल्ली से मगवा लें और सभी सम्बन्धित अधिकारियों को तुरन्त भेज दें । यदि इश्तिहार आदि की कमी अनुभव हो तो उन्हें छपवाने का प्रबन्ध नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री से करवा लिया जाए ।

इस मामले में अपनी संयुक्त रिपोर्ट (दोहरी प्रति) मुख्य सचिव कार्यालय राजनैतिक शाखा को भेज दी जाए ।

अधीक्षक राजनीतिक
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।